**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**सेवा संकल्प अभियान**

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक महीने के राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की है। यह अभियान जन भागीदारी के माध्यम से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूत करने के लिए 17 सितंबर से आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान भाजपा, एनडीए के सहयोगी दलों, स्वयंसेवी संगठनों और देश भर के नागरिकों द्वारा आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत कार्यक्रमों में रक्तदान और जन आभार, मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान तथा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियों का प्रदर्शन शामिल होगा।

**हिंदी दिवस**

आज देश भर में हि्दी दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अपनाया था। आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है।

इस बीच हिंदी दिवस पर आज प्रदेश भर में भी कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। भाषा व संस्कृति विभाग शिमला के गेयटी थियेटर में आज जिला स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन करेगा।

**एनसीसी**

बिलासपुर की गोबिंद सागर झील में इन दिनों एनसीसी नेवल विंग का 12 दिवसीय सेलिंग अभियान जारी है जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ के 70 कैडेट वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

*एनसीसी नौ सेना विंग द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक अखिल भारतीय प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता **सबसे उद्यमशील नौ सैनिक इकाई** शीर्षक से आयोजित की जाती है जिसमें देश भर की नौ सैनिक इकाइयां नौकायन, सिगनलिंग, बोट पुलिंग और ड्रिल जैसे साहसिक व व्यावसायिक परीक्षणों में भाग लेती हैं। इसी के तहत हिमाचल प्रदेश की एकमात्र एनसीसी नेवल यूनिट बिलासपुर में इन दिनों नॉर्थ डायरेक्ट्रेट के 4 राज्यों का सेलिंग अभियान आयोजित कर रही है। इस 12 दिवसीय सेलिंग अभियान का आयोजन 19 सितंबर तक गोविंद सागर जलाशय में किया जा रहा है जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ के 70 कैडेट होंगे शामिल हुए हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के 33 कैडेट शामिल हैं। इस अभियान में कैडेट्स करीब 300 से 350 किमी की दूरी नौका द्वारा तय कर रहे हैं जिसमें रोजाना अलग–अलग स्थानों पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने के अलावा खुद को अनुशासन में लाने के उद्देश्य भाग लेंगे।*

**गणेश चतुर्थी**

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। दस दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत का आज पहला दिन है। इस दौरान लोग अपने घरों में भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करते हैं और उनकी विशेष पूजा–अर्चना करते हैं।

इधर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर नाहन में गणेश उत्सव को लेकर माहौल भक्तिमय में बना हुआ है। गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर कल शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर में तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## स्वास्थ्य सुविधा

सिरमौर जिला के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान डॉ. वाई एस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन सुविधा डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद भी शुरू नहीं हुई है। हमारे जिला संवाददाता के अनुसार मेडिकल कॉलेज में 31 जुलाई से अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन सेवाएं बंद पड़ी हुई है जिसके चलते रोजाना जिला के दूर दराज इलाकों से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन सेवाएं ंनिजी अस्पतालों से लेनी पड़ रही है। वहीं मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इस बारे में सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है और जल्द समाधान की उम्मीद है।

## फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट

हिमाचल प्रदेश वन विभाग की 27वीं वार्षिक खेलकूद व कर्तव्य प्रतियोगिता में हमीरपुर फॉरेस्ट सर्कल ने ओवरऑल चौंपियनशिप पर कब्जा जमाया, जबकि मेजबान रामपुर सर्कल उपविजेता रहा। शिमला जिला के रामपुर में तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 32 खेलों के तहत 124 इवेंट्स आयोजित किए गए जिसमें विभाग के एक हजार से अधिक महिला व पुरुष अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। समापन समारोह में वन बल प्रमुख व जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक डॉ. संजय सूद ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने स्विफ्ट इन स्पोर्ट्स डिवोटेड इन ड्यूटी की थीम को बनाए रखने में खिलाड़ियों की भूमिका को सराहा।

## जागरा उत्सव

प्रदेश के शिमला और सिरमौर जिले के अलावा साथ लगते उत्तराखंड के जौनसार बावर के कई क्षेत्रों में आज और कल रात जागरा महोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन आज शिव रूपी महासू देवता के मन्दिरों में जागरण महोत्सव का आयोजन होगा जबकि कल विष्णु रूप में देवता बनाड के जागरे का आयोजन किया जाएगा। इन क्षेत्रों में स्थानीय इष्ट देवों के पूजन को लेकर यह एक विशेष अवसर रहता है जब लोग पूजा–अर्चना के साथ रात के समय हाथों में मशाल लेकर देवता का अभिनंदन करते हैं। जागरे में विशेष रूप से लकड़ी की बिंडाली यानी मशाल जलाकर लोग पारंपरिक लोकगीत और नृत्य के साथ रात्रि पूजन कर सुख–समृद्धि की कामना करते हैं।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे। नमस्कार**